# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 13.11.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर" अमर उजाला, दैनिक जागरण, परफेक्ट मिशन, जनवार्ता,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।

### अमर उजाला–दि0 13.11.2025

**अतुलानंद से कचहरी चौराहे और चौकाघाट से मैदागिन तक हटेंगे बिजली के खंभे**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण की ओर से शहर के अलग-अलग मार्गों पर बिजली के खंभों की शिफ्टिंग का काम शुरू किया जाएगा। टीम की ओर से निरीक्षण पूरा कर लिया गया है। बुधवार को भी वीडीए की टीम ने निरीक्षण कर रिपोर्ट दी। अतुलानंद से कचहरी चौराहा और चौकाघाट से मैदागिन चौराहा तक के मार्ग पर विद्युत पोल शिफ्टिंग, डक्टिंग एवं भूमिगत काम पहले फेज में किया जाएगा। इससे इस क्षेत्र में फैले अव्यवस्थित तारों, पोलों और ट्रांसफॉर्मरों को योजनाबद्ध रूप से व्यवस्थित किया जाएगा। वीडीए के उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा एवं बिजली विभाग की टीम द्वारा उक्त क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि प्रस्तावित क्षेत्र में विद्युत पोल शिफ्टिंग, डक्टिंग एवं अन्य यूटिलिटी कार्यों का विस्तृत अनुमान तैयार कर सात दिनों के भीतर विकास प्राधिकरण को उपलब्ध कराएं। ब्यूरो

### दैनिक जागरण–दि0 13.11.2025

**अतुलानंद–कचहरी और चौकाघाट–मैदागिन मार्ग से हटेंगे विद्युत पोल, होगा सुंदरीकरण**

- विकास प्राधिकरण पोल शिफ्टिंग के साथ डक्टिंग व भूमिगत कार्य कराएगा, तैयारी शुरू
- वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने बिजली विभाग के साथ भ्रमण कर बनाई कार्ययोजना

जागरण संवाददाता, वाराणसी : शहर को सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में वाराणसी विकास प्राधिकरण निरंतर प्रयास कर रहा है। इसमें अब एक और पहल की गई है। इसके अंतर्गत अतुलानंद स्कूल चौराहा गिलटबाजार से कचहरी चौराहा तक और चौकाघाट से मैदागिन चौराहा तक के मार्ग में आने वाले विद्युत पोल हटाए जाएंगे। साथ ही डक्टिंग एवं भूमिगत कार्य भी किए जाएंगे।

वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा व बिजली विभाग की टीम ने बुधवार को क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। इसमें देखने में आया कि क्षेत्र में फैले अव्यवस्थित तारों, पोल एवं ट्रांसफार्मरों से शहर की छवि खराब हो रही है। जगह-जगह मनमाने ढंग से पोल लगा दिए गए हैं। अंडरग्राउंड वायरिंग के बाक्स लगा दिए गए हैं। इस कारण योजनाबद्ध एवं सौंदर्यपरक रूप से व्यवस्थित किया जाएगा। उपाध्यक्ष ने निर्देश दिया कि प्रस्तावित क्षेत्र में विद्युत पोल शिफ्टिंग, डक्टिंग एवं अन्य यूटिलिटी कार्यों का विस्तृत अनुमान (इस्टीमेट) तैयार कर सात दिनों के भीतर विकास प्राधिकरण को उपलब्ध कराया जाए। इससे कार्यवाही को समयबद्ध रूप से प्रारंभ करने में सहयोग मिल सकेगा। निश्चित रूप से इससे यातायात सुगम होगा। इन खंभों आदि के सहारे अतिक्रमण कर अवैध कब्जा करने वालों पर रोक लगेगी।



सड़क पर बिजली के पोल की शिफ्टिंग के लिए विकास प्राधिकरण की टीम के साथ निरीक्षण करते उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा (बाएं से तीसरे) • प्राधिकरण

## जनवार्ता–दि0 13.11.2025

### निरीक्षण में वीडीए वीसी पूर्ण बोरा ने विद्युत अफसरों से मांगी सात दिन में कार्य योजना



**वाराणसी (जनवार्ता)**। शहर को सुंदर और सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से वाराणसी विकास प्राधिकरण लगातार प्रयासरत है। इसी क्रम में अतुलानंद से कचहरी चौराहा तथा चौका घाट से मैदागिन चौराहा तक के मार्ग पर विद्युत पोल शिफ्टिंग, डक्टिंग एवं भूमिगत कार्य किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस पहल का उद्देश्य क्षेत्र में फैले अव्यवस्थित तारों, पोलों और ट्रांसफार्मरों को योजनाबद्ध और सौंदर्यपरक रूप से व्यवस्थित करना है।

बुधवार को वीडीए के उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा ने बिजली विभाग की टीम के साथ प्रस्तावित मार्ग का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्युत पोल शिफ्टिंग, डक्टिंग तथा अन्य यूटिलिटी कार्यों का विस्तृत अनुमान तैयार कर सात दिनों के भीतर विकास प्राधिकरण को उपलब्ध कराया जाए। वही उन्होंने कहा कि सभी कार्यों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा किया जाए, जिससे शहर की सड़कों का स्वरूप और यातायात व्यवस्था दोनों में सुधार हो सके।

## परफेक्ट मिशन–दि0 13.11.2025

### वीडीए उपाध्यक्ष ने बिजली विभाग की टीम के साथ प्रस्तावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण



**वाराणसी ( परफेक्ट मिशन )**। शहर को सुंदर एवं सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में अतुलानंद से कचहरी चौराहा तथा चौका घाट से मैदागिन चौराहा तक के मार्ग पर विद्युत पोल शिफ्टिंग, डक्टिंग एवं भूमिगत कार्य किए जाने का निर्णय लिया गया है, ताकि क्षेत्र में फैले अव्यवस्थित तारों, पोलों एवं ट्रांसफार्मरों को योजनाबद्ध एवं सौंदर्यपरक रूप से व्यवस्थित किया जा सके। बुधवार को वीडीए के उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा एवं बिजली विभाग की टीम द्वारा उक्त क्षेत्र का निरीक्षण

**❑ अतुलानंद से कचहरी चौराहा तथा चौका घाट से मैदागिन चौराहा तक विद्युत पोल शिफ्टिंग, डक्टिंग एवं भूमिगत कार्य किया जाएगा**

किया गया। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष ने यह निर्देश दिए गए कि प्रस्तावित क्षेत्र में विद्युत पोल शिफ्टिंग, डक्टिंग एवं अन्य यूटिलिटी कार्यों का विस्तृत अनुमान तैयार कर सात दिनों के भीतर विकास प्राधिकरण को उपलब्ध कराया जाए, ताकि कार्यवाही को समयबद्ध रूप से प्रारंभ किया जा सके।